प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

02 जून 2022

भारतीय रिज़र्व बैंक ने म्यूच्युअल फंड और आस्ति प्रबंधन कंपनियों की विदेशी देयताओं और आस्तियों पर सर्वेक्षण की शुरुआत की: 2021-22 दौर

रिज़र्व बैंक ने 'म्यूच्युअल फंड और आस्ति प्रबंधन कंपनियों की विदेशी देयताओं और आस्तियों' के अपने वार्षिक सर्वेक्षण के 2021-22 दौर की शुरुआत की। इस सर्वेक्षण में हाल के वित्तीय वर्ष के मार्च के अंत में म्यूचुअल फंड कंपनियों और आस्ति प्रबंधन कंपनियों से उनकी बाह्य वित्तीय देयताओं और आस्तियों पर जानकारी एकत्र की जाती है। सर्वेक्षण के परिणामों को पब्लिक डोमेन पर जारी किया जाता है, जिसका उपयोग भुगतान संतुलन (बीओपी) सांख्यिकी के संकलन और अन्य उपयोग के लिए भी किया जाता है।

आस्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) से अपेक्षित है कि वे विदेशी देयताओं और आस्तियों (एफ़एलए) से संबंधित वार्षिक विवरणी वेब-आधारित पोर्टल (https://flair.rbi.org.in) के माध्यम से ऑनलाइन **15 जुलाई 2022** तक प्रस्तुत करें।

साथ ही, म्यूच्युअल फंड कंपनियों से अपेक्षित है कि वे सर्वेक्षण अनुसूची (**अनुसूची-4**), जो भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in >फॉर्म्स>सर्वेक्षण) पर उपलब्ध है, भरकर ई-मेल द्वारा **15 जुलाई 2022** तक प्रेषित करें।

अनुसूची – 4, **हिंदी** और **अंग्रेजी** दोनों ही फार्मेट में उपलब्ध है और रिपोर्टिंग कंपनियां उनमें से किसी का भी उपयोग कर सकती हैं। कृपया एफ़एक्यू के साथ अनुदेश देखें और किसी भी प्रकार के प्रश्न/स्पष्टीकरण के लिए कृपया निम्नलिखित से संपर्क करें:

निदेशक,
अंतर्राष्ट्रीय निवेश स्थिति प्रभाग (आईआईपीडी),
सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग (डीएसआईएम),
भारतीय रिज़र्व बैंक,
सी-9, 5वीं मंज़िल, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पूर्व),
मुंबई - 400 051
कृपया ई-मेल भेजने के लिए यहां क्लिक करें।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/300